भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 679

9 दिसम्बर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष के अंतर्गत स्वास्थ्य और वैलनेस सेंटर

679. श्री परबतभाई सवाभाई पटेलः
श्री नारणभाई काछड़ियाः

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान देश में आयुष औषधि प्रणाली के विस्तार के लिए सरकार द्वारा स्थापित स्वास्थ्य और वेलनेस सेंटरों का ब्यौरा क्या है तथा मरीजों के लिए कितनी बीमारियों का उपचार आयुष में उपलब्ध है; और

(ख) क्या सरकार ने आयुष औषधि प्रणाली को सुदृढ़ करने या देश में वैकल्पिक औषधि परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए किसी अन्य देश के साथ समझौता/एमओयू किया है एवं यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, देश में आयुष चिकित्सा पद्धति के विस्तार के लिए स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों की स्थापना संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। हालाँकि, विभिन्न प्रकार की बीमारियों के लिए आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से उपचार प्रदान करने के लिए आयुष मंत्रालय राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के एक घटक के रूप में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से आयुष चिकित्सा पद्धति का विस्तार करने के लिए आयुष्मान भारत के तहत आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों (एएचडब्ल्यूसी) के संचालन को कार्यान्वित कर रहा है। एनएएम की राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमोदित और कार्यशील आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों की स्थिति **संलग्नक** पर दी गई है।

(ख): जी हाँ, भारत सरकार ने नेपाल, बांग्लादेश, हंगरी, त्रिनिदाद और टोबैगो, मलेशिया, मॉरीशस, मंगोलिया, तुर्कमेनिस्तान, म्यांमार, विश्व स्वास्थ्य संगठन, जर्मनी, ईरान साओ टोम एंड प्रिंसिपे, इक्वेटोरियल गिनी, क्यूबा, कोलंबिया, बोलीविया, गाम्बिया, गिनी गणराज्य, चीन, सेंट विंसेंट और द ग्रेनाडाइन्स, सूरीनाम, ब्राजील और जिम्बाब्वे के साथ चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग के लिए देश-दर-देश 24 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, कनाडा, मलेशिया, ब्राजील, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, ताजिकिस्तान, सऊदी अरब, इक्वाडोर, जापान, इंडोनेशिया, एंड रीयूनियन द्वीप, कोरिया, हंगरी, फिलीपींस, रीयूनियन द्वीप के विदेशी संस्थानों/विश्वविद्यालयों/संगठनों के साथ पारंपरिक चिकित्सा के सहयोगी अनुसंधान और विकास के लिए 40 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। हंगरी, लातविया, मॉरीशस, बांग्लादेश, रूस, वेस्टइंडीज,

थाईलैंड, इंडोनेशिया, स्लोवेनिया, अर्मेनिया, अर्जेंटीना, मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, मैक्सिको के विदेशी संस्थानों/विश्वविद्यालयों में आयुष अकादमिक पीठों की स्थापना के लिए 15 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

*****

संलग्नक

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमोदित तथा कार्यशील आयुष एचडब्ल्यूसी

क्र.सं.	राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नाम	स्वीकृत आयुष एचडब्ल्यूसी	कार्यशील आयुष एचडब्ल्यूसी
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	6	6
2	आंध्र प्रदेश	110	0
3	अरुणाचल प्रदेश	49	34
4	असम	89	44
5	बिहार	268	18
6	चंडीगढ़	6	5
7	छत्तीसगढ़	240	240
8	दिल्ली	0	0
9	दादरा व नागर हवेली और दमन दीव	0	0
10	गोवा	40	9
11	गुजरात	265	223
12	हरियाणा	569	361
13	हिमाचल प्रदेश	240	240
14	जम्मू और कश्मीर	317	317
15	झारखंड	267	115
16	कर्नाटक	176	176
17	केरल	240	180
18	लद्दाख	14	0
19	लक्षद्वीप	5	5
20	मध्य प्रदेश	562	362
21	महाराष्ट्र	294	281
22	मणिपुर	17	3
23	मेघालय	45	0
24	मिजोरम	38	24
25	नागालैंड	49	4
26	ओडिशा	250	90
27	पुदुचेरी	4	4
28	पंजाब	217	0
29	राजस्थान	1000	484
30	सिक्किम	18	18
31	तमिलनाडु	250	250
32	तेलंगाना	421	421
33	त्रिपुरा	45	0
34	उत्तर प्रदेश	871	500
35	उत्तराखंड	300	70
36	पश्चिम बंगाल	271	271
कुल		**7553**	**4755**